निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

31 श्रावण 1945 (श0)
(सं0 पटना 700) पटना, मंगलवार, 22 अगस्त 2023

सामान्य प्रशासन विभाग

### आदेश
9 अगस्त 2023

सं0 3/एम0–54/2015सा0प्र0 15265––राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पदों को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.15 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले पद |
|---|---|---|
| 1. | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | राजभाषा के–<br>(i) प्रूफवाचक–सह–प्रकाशन सहायक। |
| 2. | पथ निर्माण विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के –<br>(i) निम्नवर्गीय लिपिक,<br>(ii) उच्चवर्गीय लिपिक,<br>(iii) प्रधान लिपिक,<br>(iv) प्रधान सहायक |
| | | बिहार तकनीकी सेवा संवर्ग के–<br>(i) सहायक निदेशक (गुण नियंत्रण)। |
| 3. | सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग | बिहार सूचना सेवा के–<br>(i) सहायक निदेशक–सह–जिला जन– सम्पर्क पदाधिकारी, |

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले पद |
|---|---|---|
| | | (ii) उप निदेशक,<br>(iii) संयुक्त निदेशक,<br>(iv) अपर जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी |
| 4. | पंचायती राज विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के–<br>(i) निम्नवर्गीय लिपिक,<br>(ii) उच्चवर्गीय लिपिक,<br>(iii) प्रधान लिपिक,<br>(iv) कार्यालय अधीक्षक। |
| 5. | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के –<br>(i) प्रारम्भिक शिक्षक (प्रशिक्षित), (कक्षा 6 से 8 तक) एवं<br>(ii) उच्च माध्यमिक शिक्षक (10+2) (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) (PGT) |

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 700-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in